# विज्ञान समिति, उदयपुर
# मासिक रिपोर्ट
नियमित मासिक प्रकाशन का सतरहवां वर्ष

Estb : 1959
Reg. No. 94 / 68-69


**Phone :**
0294-2413117, 2411650
**E-mail Id :**
samitivigyan@gmail.com
**Website :**
www.vigyansamitiudaipur.org


**अंक 194** | **स्वैच्छिक सेवा का 59 वां वर्ष** | **मई 2018**


## विज्ञान लोकप्रियकरण

● **लोकविज्ञान प्रकाशन :** मई अंक में भोजन सम्बन्धी रोग, विज्ञान के रोचक ज्ञान, मानव नेत्र की बनावट।

● **एमपीयूएटी एवं विज्ञान समिति साझा कार्यक्रम :**

**आदर्श ग्राम विकास - देवाली : दिनांक 26.05.2018 को विज्ञान समिति एवं कृषि विश्वविद्यालय की संयुक्त बैठक जो माननीय कुलपति एमपीयूएटी की अध्यक्षता में नये प्रशासनिक भवन के सभाकक्ष में आयोजित हुई उसका कार्य विवरण**– बैठक में निम्न सदस्य विश्वविद्यालय की ओर से उपस्थित रहे – **डॉ उमाशंकर शर्मा**– कुलपति, **डॉ ए के मेहता**– डायरेक्टर रिसर्च, **डॉ जी एस तिवारी** –निदेशक प्रसार, **डॉ शशि जैन**–अधिष्ठाता गृह विज्ञान, **डॉ अरुणाभ जोशी** – अधिष्ठाता आरसीए **डॉ आर ए कौशिक** – डी आर आई, **डॉ दीपक शर्मा** – प्रोफेसर अपारम्परिक ऊर्जा विभाग, सीटीएई, **डॉ सुबोध शर्मा** – पीआरआई, **डॉ आर एस राठौड़**– प्रोफेसर प्रसार निदेशालय, **डॉ आर एल सोनी** – इंचार्ज, कृषि विज्ञान केन्द्र, वल्लभ नगर। विज्ञान समिति की ओर से निम्न दस सदस्य उपस्थित रहे –**डॉ के एल कोठारी, डॉ के बी शर्मा, डॉ एल एल धाकड़, डॉ जी एस आमेटा, डॉ के पी तलेसरा, डॉ विभा भटनागर, एस एल गोदावत, प्राची भटनागर, मुनीश गोयल।**

**1. नोडल ऑफीसर की नियुक्ति – डॉ आर एस राठौड़** विश्वविद्यालय की ओर से इस कार्यक्रम के नोडल ऑफीसर नियुक्त किए गए। वल्लभनगर कृषि विज्ञान केन्द्र खुल चुका है एवं उसमें समन्वयक की नियुक्ति के रूप में **डॉ आर एल सोनी** ने चार्ज ग्रहण कर लिया है। अब समन्वयक का कार्य और अच्छे तरीके से हो सकेगा। इसके अलावा **डॉ आर ए कौशिक, प्रो दीपक शर्मा** भी सहयोगी होंगे।

**2. ग्राम सर्वे के अपूर्ण कार्य को पूर्ण कराना – डॉ के एल कोठारी** ने बताया कि अभी 48 परिवारों का ही सर्वे पूर्ण हो चुका है। ग्राम में लगभग 200 परिवार रहते हैं बाकी का सर्वे भी शीघ्र पूर्ण किया जाए जिससे ग्राम की सही स्थिति पता चल सके। कुलपति महोदय ने आदेशित किया कि वे एनएसएस के विद्यार्थियों के द्वारा इस कार्य को **अधिष्ठाता आरसीए** के विस्तार विभाग द्वारा पूरा करवाएंगे।

**3. उद्यान विकास –** डॉ जी एस आमेटा ने ग्राम की आवश्यकता आम (200) पपीता (200) तथा नींबू (200)पौधों की बताई जिसकी व्यवस्था 15 जुलाई के पूर्व कराना है। इन सभी पौधो का पूर्ण भुगतान ग्रामवासी करने को तैयार हैं। विश्वविद्यालय द्वारा पौधे देवाली ग्राम तक पहुँचाने की व्यवस्था की जाएगी। **डॉ आर ए कौशिक** इसमें तकनीकी मार्गदर्शन करेंगे तथा **डॉ आर एल सोनी** एवं **डॉ एस एस लखावत** सहयोग करेंगे।

**4. किचन गार्डन स्थापना –** निर्णय हुआ कि जनवरी की बैठक में **डॉ शशि जैन** के प्रस्ताव के अनुसार 10 यूनिट किचन गार्डन की लगाई जाए जिसमें सब्जीयां उगाई जा सकती हैं (करेला, भिंडी, ककड़ी )। जिसका मॉडल प्लान डीन होम साइंस देंगी। इसका वार्षिक कैलेण्डर भी बनाया जाए। कम्पोस्ट पिट भी बनाएं जाएं जिससे किचन गार्डन को खाद मिल सके। आर.सी.ए. के उद्यान विभाग पौध तैयार कर दे जिससे ग्राम वासियों को सुविधापूर्वक किचनगार्डन विकसित करने में मदद मिले। यह पौध विश्वविद्यालय की ओर से दी जाएगी।

**5. डेरी विकास –** 10 गायों की डेयरी स्थापित करने हेतु DPR तैयार कराना। **डॉ जी एस आमेटा** ने सुझाव दिया कि ग्राम में कृषि के अतिरिक्त काफी संभावनाएं हैं एवं दो लोग डेयरी यूनिट लगाने के लिए तैयार हैं। बैंक से ऋण सुविधा प्राप्त करने के लिए आवश्यक है कि उनकी प्रोजेक्ट रिपोर्ट विश्वविद्यालय के तकनीकी विशेषज्ञों के द्वारा बनाई जाए। इस पर निर्णय हुआ कि विश्वविद्यालय इस आशय पर DPR तैयार करवा देगा। जिससे अग्रिम कार्यवाही की जा सके।

**6. प्रथम पंक्ति प्रदर्शन – मक्का, ज्वार** एवं **उड़द** के प्रथम पंक्ति प्रदर्शन निदेशक अनुसंधान द्वारा कराये जाने का निर्णय हुआ जिसकी क्रमशः 10, 5 एवं 5 यूनिट होंगी। इसके लिए विश्वविद्यालय द्वारा आदान के अलावा तकनीकी सहायता भी उपलब्ध करवाएगा।

**7. मृदा परीक्षण – डॉ आर एल सोनी** ने बताया कि soil health card शासन के निर्देशानुसार बिना किसी शुल्क के बनाए जा रहे हैं। उसके अंतर्गत soil testing किया जा सकता है। ये कार्य राज्य के कृषि विभाग द्वारा किया जा रहा है तथा इसमें समन्वय **के वी के** द्वारा किया जाएगा। कुछ परीक्षण आरसीए के मृदा विज्ञान विभाग में भी किये जा सकते हैं।

**8- Backyard Poultry** - विश्वविद्यालय की ओर से बताया गया कि दो यूनिट उनके द्वारा उपलब्ध करवायी जा सकेगी।

**9. सिलाई प्रवीणता सिखाना – डॉ के एल कोठारी** के प्रस्ताव पर विश्वविद्यालय ने स्वीकार किया कि गृहविज्ञान महाविद्यालय में कुछ महिलाओं को जो सिलाई जानती है उनका कौशल सुधारने हेतु प्रशिक्षण देंगे।

**10. ग्राम में वृक्षारोपण का आयोजन – डॉ के एल कोठारी** के सुझाव पर यह निर्णय हुआ कि कृषि विश्वविद्यालय और विज्ञान समिति मिलकर वृक्षारोपण का एक कार्यक्रम जुलाई माह में करेंगे।

**11. स्वच्छता – डॉ शशि जैन** ने स्वच्छता की ओर भी ध्यान देने की आवश्यकता बताई इस सम्बन्ध में उन्होंने सुझाव दिया कि बैनर्स लगाएं जाएं तथा कचरा डालने के लिए 10 बड़े डस्टबीन रखवा दिए जाएं।

**12.कुछ अन्य बिन्दु – डॉ के पी तलेसरा** ने कहा कि ग्राम का वर्तमान स्टेटस रिर्काड कर अगले 5 वर्ष के कुछ लक्ष्य निर्धारित किये जाएं। समयावधि के पश्चात् रूपान्तरण व परिवर्तन नजर आना चाहिए।

**13.** नीलगाय की समस्या के सम्बन्ध में कई सुझाव सामने आए। कुलपति महोदय ने बताया कि भीलवाड़ा में सामुहिक रूप से जाली लगाकर नीलगाय से बचाव सफलतापूर्वक किया गया है।


सम्प्रेरक : डॉ. के.बी. शर्मा, अध्यक्ष; डॉ. के.पी. तलेसरा, कार्यकारी अध्यक्ष; रमेश चन्द्र भटनागर, महासचिव
समन्वयक : डॉ. के.एल. कोठारी सम्पादक : श्री प्रकाश तातेड़

**14. कुलपति डॉ उमाशंकर जी शर्मा** ने सुझाव दिया कि विज्ञान समिति प्रशिक्षण की एक परियोजना बनाकर आई.सी.ए.आर. को भेजे जिसमें प्रशिक्षण के लिए 5 लाख रु. तक का प्रावधान है। **डॉ मेहता** इसके लिए मार्गदर्शन करेंगे।


**15. डॉ के एल कोठारी** ने बताया कि विज्ञान समिति कृषि विज्ञान एवं पशु चिकित्सा के अलावा भी महिला सशक्तिकरण एवं शिक्षा के क्षेत्र में भी योगदान दे रही है। पिछले वर्ष समिति ने पचास हजार से अधिक रुपये इस योजना में व्यय किए हैं।

**16. कुलपति द्वारा समन्वय –** अन्त में कुलपति महोदय ने सभी बिन्दुओं पर अपना मत प्रकट किया एवं कृषि विश्वविद्यालय के पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने आशा प्रकट कि दोनों संस्थाओं के सहयोग से बदलाव होगा जो गाँव के सतत विकास में सहायक होगा।

सभी उपस्थित सदस्यों के धन्यवाद के साथ बैठक सम्पन्न हुई।

## राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस

●**विज्ञान समिति, माइनिंग इन्जीनियर्स एसोसिएशन ऑफ इन्डिया तथा इन्स्टीट्यूशन ऑफ इन्जिनियर्स,** उदयपुर चैप्टर के संयुक्त तत्वावधान में उपरोक्त कार्यक्रम समारोह पूर्वक 11 मई को सांयकाल 6 बजे से विज्ञान समिति परिसर में आयोजित हुआ। जिसमें लगभग 200 इन्जीनियरों, वैज्ञानिकों एवं समाज सेवियों की उपस्थिति थी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि, महाराणा प्रताप कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति **प्रो. उमाशंकर शर्मा** थे। अध्यक्षता विज्ञान समिति के पूर्व अध्यक्ष, हिन्दुस्तान जिंक के पूर्व निदेशक **इंजी. एच वी पालीवाल** ने की। अपने उद्‌बोधन में कुलपति ने कहा कि उर्वरकों एवं कीटनाशकों का अल्प मात्रा में विवेकपूर्ण उपयोग करना चाहिए अन्यथा मानवता असाध्य रोगों से ग्रस्त हो सकती है। प्रौद्योगिकी दिवस की मुख्य वार्ताकार सुखाड़िया विश्वविद्यालय के वनस्पति विज्ञान विभाग की अध्यक्षा **प्रो. कनिका शर्मा** ने स्लाइड्स के माध्यम से अपनी वार्ता में सतत् विकास के लिये उन प्रौद्योगिकियों का उपयोग करना आवश्यक बताया जो प्रदूषण रहित हैं। ऊर्जा आवश्यकताओं के लिये रिन्यूऐबल ऊर्जा का उपयोग बढ़ाना नितान्त आवश्यक बताया। अतिथियों का स्वागत विज्ञान समिति के अध्यक्ष **डॉ के बी शर्मा** एवं समिति संस्थापक **डॉ के एल कोठारी** ने किया। **डॉ एस एस राठौड़** (डीन, सी टी ए ई) ने राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला।



कार्यक्रम के अन्तर्गत हमारी सदस्या, पोषण विशेषज्ञ, **डॉ प्राची भटनागर** ने पोषण संबंधी प्रदर्शनी लगाई। इसमें खाद्य पिरामिड का मॉडल रखा गया जिसके द्वारा संतुलित आहार के बारे में जानकारी दी गई। इसके अतिरिक्त भोजन एवं पोषण संबंधित लेख वितरित किये गए। आहार उपयोगी पोस्टर एवं चार्ट भी प्रदर्शनी में लगाए गए।




**डॉ डी एस कोठारी एक्सीलैन्स एवार्ड** संभाग के लब्ध प्रतिष्ठित शिशु रोग चिकित्सक, आर एन टी मेडिकल कॉलेज के पूर्व प्रिंसिपल **डॉ. बी भण्डारी** को उनके मेडिकल–शिक्षा, शोध, चिकित्सा एवं समाज सेवा के क्षेत्र में विपुल योगदान हेतु प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन **डॉ के पी तलेसरा, डॉ के एल तोतावत एवं श्री शान्तिलाल भण्डारी** द्वारा किया गया। **श्री अनुरोध प्रशान्त शर्मा,** अध्यक्ष, इन्स्टीट्यूशन ऑफ इन्जीनियर्स उदयपुर चैप्टर द्वारा आभार व्यक्त किया। राष्ट्रगान के उपरान्त स्नेहभोज का आयोजन हुआ।

## महिला सशक्तीकरण

● **नवाचार महिला प्रकोष्ठ –**दिनांक 10 मई 2018 को नवाचार महिला प्रकोष्ठ की सदस्याओं ने अशोक नगर आई–नॉक्स मॉल में अमिताभ बच्चन की फिल्म '102 –नॉट आउट का आनंद लिया। उसमें **श्रीमती पुष्पा कोठारी, संयोजिका बेला जैन, संयोजिका डॉ नलीना लोढ़ा, श्रीमती राखी जैन, श्रीमती सविता कोठारी, श्रीमती मेघा ढावड़ा, श्रीमती रेखा मेहता, श्रीमती मंजु सिंघवी, श्रीमती मंजुला शर्मा** सहित 62 सदस्याएं उपस्थित थीं।

●**वरिष्ठ महिला प्रकोष्ठ –** आज की मासिक बैठक में 77 महिला–सदस्यों की उपस्थिति रही। **श्रीमती पुष्पा कोठारी** द्वारा तैयार किया गया विशेष कैरम गेम उपस्थित महिलाओं द्वारा खेला गया। इस कैरम में **श्रीमती शारदा तलेसरा** ने प्रथम एवं **श्रीमती स्नेहलता साबला** ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। सदाबहार पुरानी फिल्मों के लोकप्रिय गीतों पर आधारित म्यूजिकल हाउजी **श्रीमती पुष्पा कोठारी, श्रीमती शकुन्तला धाकड़** एवं **श्रीमती शिवा तलेसरा** के सहयोग से खिलायी गई जिसमें, उपस्थित महिलाओं ने उत्साह से भाग लिया। इस हाउजी गेम के लिये **श्रीमती रेणु बाँठिया** एवं **श्रीमती पुष्पा कोठारी** ने अपनी सुमधुर ध्वनि में गीतों की प्रस्तुति दी। इन सभी गतिविधियों में कार्यकारिणी सदस्याओं, **श्रीमती कंचन सोनी, डॉ निर्मला शाह, डॉ आशा खमेसरा, श्रीमती उषा गुप्ता, श्री पारुल सुराना** आदि का सक्रिय सहयोग रहा।

प्रकोष्ठ के उत्साहवर्द्धन हेतु विज्ञान समिति संस्थापक **डॉ. के एल कोठारी** अन्य समिति सदस्यों के साथ बैठक में उपस्थित हुए। **प्रकोष्ठ की वरिष्ठ सदस्या श्रीमती कृष्णा जी गुप्ता, जिनका देहावसान 5 मई 2018 को हुआ, को मौन श्रद्धान्जलि अर्पित की गयी।**

●**ग्रामीण महिला चेतना शिविर –** 30 मई को आयोजित शिविर में टूस डाँगियान की 22, नान्दवेल की 14 और चन्देसरा की 2 महिलाओं ने भाग लिया। प्रार्थना के बाद परिचय के साथ बैठक शुरु की गई। **डॉ आई एल जैन** ने महिलाओं को गरमी और लू से सुरक्षा के बारे में बताया। **डॉ. के. एल. कोठारी** ने विज्ञान समिति के कार्यों, उद्देश्यों के बारे में महिलाओं को जागरुक किया तथा लहर पत्रिका की विस्तार से चर्चा की। **डॉ. प्राची भटनागर** ने अचार, चटनी व मुरब्बा के बारे में और उनके पौष्टिक तत्त्वों और हर्निया के बारे में अवगत कराया।

बैठक में **श्री लाभचन्द सोनी** ने खड़े मसालों वाले आम के आचार की विधि का प्रदर्शन किया एवं सावधानियाँ बताई। मिट्टी के या काँच के बर्तन में आचार उच्च गुणवत्ता का बनता है इसकी जानकारी दी। सोनी जी ने महिलाओं के प्रश्नों के भी उत्तर दिए। श्रीमती मंजुला शर्मा ने समिति के मासिक कार्याक्रमों की जानकारी दी।

●**विशेष सहयोग– श्रीमती लक्ष्मी लौहार को सहयोग :** 18–5–18 को लक्ष्मी लौहार के घर खाद्य सामग्री **श्रीमान् एस एल शर्मा जी** द्वारा अपने ज्नमदिन के पर्व पर भेजी।

● **युवतियों को बहुआयामी प्रशिक्षण –महावीर युवा मंच महिला प्रकोष्ठ** द्वारा **विज्ञान समिति परिसर** में आयोजित इस 10 दिवसीय(12 से 22 मई) कार्यक्रम में नगर की 250 युवतियों ने भाग लिया। शिविर का संचालन हमारे नवाचार प्रकोष्ठ की पूर्व संयोजिका **श्रीमती विजयलक्ष्मी गलुण्डिया**

ने किया। विज्ञान समिति ने उन्हें सम्पूर्ण सुविधाएँ उपलब्ध करवाई। शिविर में नृत्य, गायन, पाक कला, व्यक्तित्व विकास, योगा एवं पोषण सम्बन्धी प्रशिक्षण दिया गया।

● **सिलाई प्रशिक्षण–** टूस डांगियान उद्घाटन 15 मई 2018



टूस डांगियान में महावीर इंटरनेशनल के सौजन्य से 30 दिवसीय सिलाई प्रशिक्षण का शुभारम्भ 15 मई 2018 को हुआ। जिसमें विज्ञान समिति से **डॉ के एल कोठारी, डॉ प्राची भटनागर, श्रीमती मंजुला शर्मा, श्री कैलाश** उपस्थित थे। 25 महिलाओं के लिए यह प्रशिक्षण आरंभ हुआ। प्रशिक्षण में महिलाएँ और किशोरियों को प्रशिक्षक श्रीमती मंजू मेघवाल से वस्त्रों की सिलाई के गुर 30 कार्य दिवस पर सीखेंगी। प्रशिक्षण हेतु 9 सिलाई मशीनें विज्ञान समिति से भेजी गई। इस प्रशिक्षण में प्रशिक्षक का मानदेय महावीर इंटरनेशनल उदयपुर द्वारा दिया जाएगा।

## स्वास्थ्य सेवाएं

● **निःशुल्क एक्यूप्रेशर शिविर :** विज्ञान समिति, महावीर इन्टरनेशनल व आरोग्य एक्यूप्रेशर उपचार, शोध एवं प्रशिक्षण प्रन्यास, उदयपुर के संयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क एक्यूप्रेशर शिविर प्रत्येक गुरुवार व शनिवार को सायं 5 से 6.30 बजे तक सफलतापूर्वक आयोजित हो रहे हैं। मई माह में 9 शिविर आयोजित हुए जिसमें 140 दर्द पीड़ितों की चिकित्सा की गई। सभी उपचारकों का प्रशंसनीय योगदान रहा। आभार।

● **श्री विजयकुमार सुराणा स्मृति निःशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर :** विज्ञान समिति में **59वां शिविर** दिनांक 20 मई 2018 तृतीय रविवार को आयोजित किया गया। इस चिकित्सा शिविर में **डॉ. आई.एल. जैन** वरिष्ठ फिजिशियन एवं हृदय रोग विशेषज्ञ, **डॉ. अनुराग तलेसरा** वरिष्ठ अस्थि रोग विशेषज्ञ, **डॉ. शोभालाल औदिच्य** आयुर्वेदाचार्य, **डॉ.कनिष्क मेहता,** ईएनटी विशेषज्ञ(जीबीएच अमेरिकन), **डॉ. कौशल्या बोर्दिया** वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ, **डॉ. आशा खमेसरा** वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ, **दर्शन डेंटल कॉलेज** की **डॉ. अनुकृति एवं डॉ. मानसी** एवं दंत चिकित्सकीय टीम। एक्यूप्रेशर टीम में **श्री एल.एन. शर्मा** ने अपनी मानद चिकित्सा परामर्श सेवाएं प्रदान की। इनके साथ ही मधुमेह परीक्षण की टीम ने भी अपना योगदान प्रदान किया। इनके अतिरिक्त फिजियोथेरेपिस्ट **श्री कल्पेश पूर्बिया, श्री बहादूर** एवं टेक्निशियन्स– **श्री डी.एस देवड़ा एवं श्री लोकेश चौबीसा** ने भी अपनी सेवाएं दी।

इस शिविर की विशेषता यह रही कि इसमें डॉ. आशा खमेसरा एवं डॉ. कौशल्या बोर्दिया ने प्रथम बार अपनी सेवाएँ प्रदान की एवं भविष्य में सभी शिविरों में अपनी सेवाएँ देने की सहमति दी। सभी के प्रति आभार। **शिविर को इन्दौर से आए न्यायाधीश मनीष जी बोरड़ ने विजिट किया।**

इस शिविर में 36 सामान्य , 33 हृदय रोग, 33 मधुमेह, 4 ईएनटी, 5 दंत रोग, 07 अस्थिरोग, 11 नेत्र रोग, 1 स्त्री रोग, 03 आयुर्वेद, कुल –138 रोगियों का विशेषज्ञों ने स्वास्थ्य परीक्षण कर परामर्श दिया। इसी क्रम में 05 दर्दियों को एक्यूप्रेशर थेरेपी से चिकित्सा परामर्श दिया गया। शिविर में **डॉ. के.एल. कोठारी, श्री राजेन्द्र खोखावत, डॉ. बी.एल. चावत, श्री गणेश डागलिया, श्री एस.एल. भण्डारी एवं श्रीमती पुष्पा कोठारी** ने अपनी सेवाएं प्रदान की। आगामी **60 वां शिविर 17 जून 2018** रविवार को प्रातः 10 से 12 बजे तक आयोजित होगा। इस सेवा प्रकल्प को पाँच वर्ष पूर्ण हो रहे हैं अतः विशेष शिविर का आयोजन इस अवसर पर किया जाएगा।

## दर्शन विज्ञान प्रकोष्ठ

दर्शन विज्ञान प्रकोष्ठ की बैठक 12 मई, शनिवार को आयोजित हुई। **डॉ पी एम अग्रवाल** ने **'रत्नत्रय : दर्शन, ज्ञान, चरित्र'** विषय पर वार्ता प्रस्तुत की। इन्होंने इस महत्वपूर्ण विषय पर पावर पॉइन्ट के माध्यम से सरल भाषा में व्याख्या की। लगभग 20 सदस्यों ने वार्ता का लाभ लिया। **डॉ के एल कोठारी** ने अगली बैठक में **'गीता'** पर चर्चा रखने की इच्छा व्यक्त की।

## प्रबुद्ध चिंतन प्रकोष्ठ

अप्रैल की बैठक 6 मई को वरिष्ठ नागरिक परिषद की मासिक बैठक के साथ रखी गई जिसमें **उदयपुर का विकास : संभावनाएं एवं चुनौतियां** विषय पर संगोष्ठी आयोजित की गई। मुख्य वक्ता थे – **डॉ एल एल धाकड़** जिन्होंने विस्तृत रूप से विषय पर अपना गवेषणात्मक पक्ष प्रस्तुत किया। संगोष्ठी की अध्यक्षता वरिष्ठ नागरिक परिषद् के अध्यक्ष **इंजीनियर आर के चतुर** ने की। प्रारम्भ में विज्ञान समिति के संस्थापक डॉ के एल कोठारी ने स्वागत किया। प्रकोष्ठ के संयोजक श्री मुनीश गोयल से आभार व्यक्त किया। मई की बैठक 5 जून के पर्यावरण दिवस के कार्यक्रम के साथ जोड़ी गई।

## केलवा प्रोजेक्ट

● श्रद्धा का मई अंक प्रकाशित एवं वितरित हुआ।

## अन्य कार्यक्रम

● **पर्वतारोहण –** हमारे संयुक्त सचिव श्री शांतिलाल जी भण्डारी के सुपुत्र **श्री सरजु भण्डारी,** अलखनयन मन्दिर के **डॉ लक्ष्मणसिंह झाला** कुछ अन्य मित्रों के साथ **नेपाल की ओर से एवरेस्ट चढ़ाई** हेतु 27 मई को उदयपुर से प्रस्थान किया एवं 29 मई को पर्वतारोहण प्रारम्भ कर दिया है। यह अत्यंत आनन्द का विषय है। सभी की यात्रा शुभ और सकुशल हो ऐसी मंगलकामना।

## सदस्यों सम्बन्धी



● हमारी वरिष्ठ सदस्या **डॉ रेणु धाकड़** (आत्मजा **डॉ के एल कोठारी एवं विमला कोठारी**) असोसिएट प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष को एमपीयूएटी कॅरियर एडवान्समेन्ट योजना के अंतर्गत 1 जुलाई 13 से **प्रोफेसर** का पद प्रदान किया गया। हार्दिक बधाई!

● हमारे पूर्व कोषाध्यक्ष **स्व. लक्ष्मीलाल जी**

## आर्थिक सहयोग

**प्रौद्योगिकी दिवस सम्बन्धी सहयोग –** इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स, उदयपुर चैप्टर – ₹5000
माईनिंग इंजीनियर्स एसोसिएशन ऑफ इण्डिया, राजस्थान चैप्टर, उदयपुर – ₹7,500

**छात्रवृति –** श्रीमती कुसुम चण्डालिया –₹1,000,श्रीमती पुष्पा कोठारी – ₹1200

**वार्षिक सहयोग –** श्री आर के खोखावत – ₹1,000, श्री हीरालाल पगारिया – ₹1,000, श्री मुनीश गोयल – ₹1,000

**सामान्य सहयोग –** डॉ जैनेन्द्र दोशी – ₹11,000

## जन्मदिन की बधाइयाँ





प्रो. जे. के दोशी का जन्म दिन 7.5.18 को मनाया।



श्री एल.एन. शर्मा का जन्म दिन 18.5.18 को मनाया।

**हमारे वरिष्ठ सदस्य प्रो. जे. के. दोशी ने आठ दशक पूर्ण कर नवें दशक में प्रवेश किया (07.05.18)। उस दिन विज्ञान समिति में भव्य समारोह हुआ, जिसमें समिति सदस्य एवं परिवार के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। स्नेह भोज भी हुआ।**

HAPPY BIRTHDAY



**June**

| | |
|---|---|
| Dr. N.L. Gupta | 02/06 |
| Sh. R.K. Khokhawat | 04/06 |
| Km. Pratichi Bhatnagar | 07/06 |
| Sh. Arun Kumar Agarwal | 08/06 |
| Sh. Ibrahim Ali | 12/06 |
| Sh. Moti Singh Khamesara | 12/06 |
| Sh. Javerchand Dagliya | 15/06 |
| Sh. Prakash Jain | 24/06 |
| Dr. K.L. Kothari | 30/06 |
| Sh. Madhusudan Pandya | 30/06 |

**July**

| | |
|---|---|
| Dr. Lalit Kumar Kothari | 01/07 |
| Sh.R.K. Bhargav | 01/07 |
| Dr. Sohanraj Tated | 05/07 |
| Sh.Pawan Kothari | 05/07 |
| Dr.Surendra Changani | 06/07 |
| Dr.S.L. Bapna | 08/07 |
| Smt. Chandrakanta Bhandari | 08/07 |
| Dr. L.L. Dhakar | 14/07 |
| Sh. Lokesh Joshi | 16/07 |
| Smt. Manjula Sharma | 20/7 |
| Sh.D.C. Kothari | 24/07 |
| Dr. K.B.Sharma | 28/07 |

**चंडाल्या-कुसुम जी** की सुपौत्री (**श्री संजय-श्रीमती संगीता की सुपुत्री**) **सुश्री संजना** ने 2018 के सीबीएसई 12th कॉमर्स में 97.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उदयपुर में प्रथम स्थान प्राप्त किया है (486/500)। संजना एवं चंडाल्या परिवार को हार्दिक बधाई।

● हमारे सदस्य **श्री अरूण सरुपरिया एवं श्रीमती नीतू सरुपरिया** के सुपुत्र **श्री कुशाग्र सरुपरिया** ने सीबीएसई 2018 की सैकण्डरी परीक्षा में 92 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। श्री कुशाग्र हमारे निदेशक **डॉ. एल.एल. धाकड़** एवं **श्रीमती शकुन्तला धाकड़** के दोहित्र हैं। श्री कुशाग्र एवं परिवार को हार्दिक बधाई।

● हमारे कम्प्यूटर कार्य प्रभारी **श्री गजेन्द्र दाहिमा** की सुपुत्री **सुश्री दिशा कुमावत** ने सीबीएसई 2018 की सैकण्डरी परीक्षा में 92.8 प्रतिशत अंक प्राप्त किये जो अत्यन्त सराहनीय है। सुश्री दिशा एवं परिवार को हार्दिक बधाई। [illegible] स्थान प्राप्त कर रही है।

**बुक-पोस्ट**

प्रेषक : विज्ञान समिति, रोड नं. 07, अशोक नगर, उदयपुर

**सेवा में**

# विज्ञान समिति के जून माह के कार्यक्रम

● **मासिक प्रकाशन :** लोकविज्ञान, लहर तथा मासिक रिपोर्ट का नियमित प्रकाशन

● **नियमित स्वास्थ्य सेवाएं**

❑ एक्यूप्रेशर चिकित्सा : प्रत्येक गुरुवार व शनिवार को सायंकाल 5 से 6.30 समिति परिसर में

❑ श्री बिजय कुमार सुराणा निःशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर : समिति परिसर में तीसरे रविवार 17 जून 2018 प्रातः 10 से 12 बजे तक। **यह 60वां शिविर होगा। इस दिन पाँच वर्ष की पूर्णता पर विशेष कार्यक्रम भी होंगे।**

| नियमित मासिक गतिविधियां | दिनांक | समय |
|---|---|---|
| ✷ कृषि वि.वि. साझा कार्यक्रम के अंतर्गत देवाली ग्राम विकास के सम्बन्ध में 1. कार्यालय की स्थापना 2. बीजों एवं फल पौधों की मात्रा एवं संख्या तय कर खरीदना, भिजवाना, वितरण करना | जून माह के प्रथम एवं द्वितीय सप्ताह में | |
| ✷ प्रबुद्ध चिंतन प्रकोष्ठ-पर्यावरण दिवस संगोष्ठी (अन्य संस्थाओं के साथ) | मंगलवार 05 जून | प्रातः 11.00 बजे से |
| ✷ दर्शन विज्ञान प्रकोष्ठ | शनिवार 09 जून | प्रातः 11.00 बजे से |
| ✷ नवाचार महिला प्रकोष्ठ | सोमवार 11 जून | प्रातः 11.00 बजे से |
| ✷ वरिष्ठ महिला प्रकोष्ठ | बुधवार 20 जून | प्रातः 11.00 बजे से |
| ✷ ग्रामीण महिला चेतना शिविर-**वार्षिक समारोह विशेष कार्यक्रम** | शनिवार 30 जून | प्रातः 11.00 बजे से |
| ✷ प्रो. एन.एल. गुप्ता के दसवें दशक में प्रवेश पर समारोह छात्र प्रतिभा सम्मान | शनिवार 02 जून | प्रातः 11.00 बजे से |
| ✷ चिकित्सा शिविर के पाँच वर्ष पूरे होने पर समारोह एवं इंजी. ललित बक्षी स्मृति व्याख्यान | रविवार 17 जून | दोपहर 12.00 बजे से |

**अपील**

● कार्यकारिणी के निर्णयानुसार प्रत्येक सदस्य को एक हजार रु. प्रतिवर्ष समिति की गतिविधियों के लिए देना है। इस निर्णय का चौथा वर्ष पूर्ण हो रहा है। कृपया सहयोग प्रदान करावें।

● निर्माण, स्थायी कोष (कोरपस फंड), महिला समृद्धि कोष, छात्रवृत्ति कोष एवं अभावग्रस्त सहयोग फंड के लिए भी आर्थिक सहयोग अपेक्षित है।

**सौजन्य :- श्रीमान् मदनसिंह जी-श्रीमती लीला जी सुराना, 8-सी, मधुबन, उदयपुर (वर्तमान में हांगकांग)**